शतरंज: मप्र के अनुज बने भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर, पीएम मोदी ने दी बधाई

भोपाल/नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के इंटरनेशनल मास्टर अनुज श्रीवात्री ने फिलीपींस में आयोजित 7वीं आसियान प्लस इंडिविजुअल ओपन चेस चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। वह अपने राज्य से इस प्रतिष्ठित खिताब को पाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनुज को इस उपलब्धि पर सराहा है।

टूर्नामेंट के पहले दौर में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए अनुज ने अपने अंतिम आठ मुकाबलों में सात अंक हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। भारतीय शतरंज प्रेमियों को लंबे समय से देश के 100वें ग्रैंडमास्टर का इंतजार था, जबकि मध्य प्रदेश भी अपने राज्य के पहले ग्रैंडमास्टर के मिलने की उम्मीद लगाए बैठा था। ऐसे में यह सफलता बेहद ऐतिहासिक और खास है। ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के अध्यक्ष नितिन नारंग ने अनुज को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को भारतीय शतरंज के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर और गर्व का क्षण बताया है, साथ ही यह उम्मीद जताई है कि देश जल्द ही 200 ग्रैंडमास्टर के आंकड़े तक पहुंचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत के 100वें ग्रैंमास्टर को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! है न कमाल की बात? अब भारत में शतरंज के 100 ग्रैंडमास्टर हो गए हैं! भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह वाकई एक शानदार उपलब्धि है। भारत का 100 ग्रैंडमास्टर तक पहुंचना एक अहम पड़ाव है। यह हमारे खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। इसके साथ ही यह भी दिखाता है कि युवाओं के बीच शतरंज की लोकप्रियता कितनी बढ़ रही है। उन्होंने लिखा, यह देखकर बहुत खुशी होती है कि देश के अलग-अलग हिस्सों से युवा शतरंज प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उम्मीद है कि यह उपलब्धि और भी कई युवाओं को शतरंज अपनाने और इसमें बेहतरीन मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।



निलेश वेद भारतीय पैरा टीमों के प्रशिक्षक नियुक्त

इन्दौर (इन्दौर समाचार)। थाईलैंड के पटाया में 13 से 19 नवंबर 2026 तक खेली जाने वाली आई.टी.टी.एफ. पैरा विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाडियों का 05 सदस्यीय दल शरीक होगा। स्पर्धा में भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश के निलेश वेद प्रशिक्षक नियुक्त किया है। भारतीय दल 11 नवंबर को दिल्ली से बैंकाक रवाना होगा। उक्त जानकारी देते हुए पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम सोनी एवं महासचिव प्रमोद गंगराडे ने बताया कि टीम में वर्तमान में विश्व की प्रथम वरियता कम की खिलाडी ओलिंपियन भाविना पटेल, तृतीय वरियता कम की खिलाडी ओलिंपियन सोनल पटेल के साथ देश के विश्व वरीयता कम की बेबी सहाना, विजया दीपीका एवं शुभम वाधवा शरीक होगें। टीम में अन्य प्रशिक्षक लालन दोषी तथा फिजियोथेरेपिस्ट पवन कारपेंटर, उर्फी अब्बासी शामिल होगें। निलेश की उपलब्धि पर ओम सोनी, जयेश आचार्य, नरेन्द्र कौशिक, प्रमोद सोनी, रिंकू आचार्य, प्रमोद गंगराड़े, अमित कोटिया, नरेन्द्र शर्मा, गौरव पटेल तथा प्रतीक जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुये शुभकामनायें प्रेषित की हैं।



भारतीय कुश्ती संघ अब मिट्टी की भी राष्ट्रीय कुश्ती कराएगा

इन्दौर (इन्दौर समाचार)। मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि कुश्ती स्टेडियम इंदौर में 12 नवम्बर को ओलिंपियन पप्पू यादव के नेतृत्व में भारतीय शैली की राज्य टीम का चयन श्री सुरेश यादव सचिव मध्यप्रदेश कुश्ती संघ द्वारा एक दिवसीय राज्य कुश्ती चयन ट्रायल्स 12 नवम्बर को किया जावेगा। पहलवानों का वजन 10 से 12 बजे तक लिया जावेगा। इसमें मध्यप्रदेश का कोई भी पहलवान भाग ले सकता है। इसके विजेता पहलवान 17 से 19 नवंबर तक आगरा में राष्ट्रीय ट्रेडिशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें भाग लेने वाले पहलवान हड्डू कुश्ती कोच केजस यादव, गोविंद गुर्जर, विकास यादव से संपर्क कर सकते है।

इंदौर में 16 नवंबर से राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट

इन्दौर (इन्दौर समाचार)। इंदौर टेनिस क्लब में 16 से 21 नवंबर तक तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के सचिव अनिल धूपर ने बताया कि प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग मुकाबले 13 से 15 नवंबर तक खेले जाएंगे। इसमें प्रदेशभर से करीब 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-18 तथा बालिका वर्ग के अंडर-12 और अंडर-14 मुकाबले होंगे। इसके अलावा महिला एकल, पुरुष एकल और युगल वर्ग के मैच भी खेले जाएंगे।

सहवाग के बेटे आर्यवीर ने जड़े 160 रन, भारत सेमीफाइनल में

अंडर-19 एशिया कप : यूएई को 70 रन से हराया, अब अफगानिस्तान से होगा मुकाबला

अल अमीरात (एजेंसी)। वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अंडर-19 एशिया कप में 160 रन की पारी खेलकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत ने यूएई को 70 रन से हराया। अल अमीरात में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 309 रन बनाए। आर्यवीर ने 168 गेंदों पर 17 चौके और 7 छक्के लगाए। उन्होंने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 193 रन की साझेदारी की। विनीत ने 67 रन बनाए।जवाब में यूएई की टीम 50 ओवर में 239 रन ही बना सकी। अहमद खुदाद ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। भारत की ओर से ईशान सूद ने 4 विकेट लिए। सेमीफाइनल में भारत का सामना 12 नवंबर को अफगानिस्तान से होगा।



आर्यवीर ने की शुभमन के रिकॉर्ड की बराबरी

आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 वनडे में भारत के लिए पांचवा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल के 160 रन की बराबरी की। अंबाती रायडू के नाम सबसे बड़ी भारतीय पारी का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2002 में नाबाद 177 रन बनाए थे। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में 175 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी दूसरे स्थान पर हैं। अल अमीरात की पिच सूखी थी और उस पर गेंद स्पिन हो रही थी। ऐसे में आर्यवीर ने शुरुआत में जोखिम लेने के बजाय क्रीज पर टिकने और लंबी पारी खेलने का फैसला किया। उन्होंने मैच के बाद बताया कि उनका लक्ष्य करीब 40 ओवर तक बल्लेबाजी करना था।

वेस्टइंडीज-बांग्लादेश टेस्ट ड्रॉ होने से डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में बदलाव

सिलहट। बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के बीच यहां खेले गए दूसरे और अंतिम टेस्ट के ड्रॉ होने से वेस्टइंडीज ने सीरीज 1-0 से जीत ली है। इस परिणाम से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की अंकतालिका में भी बदलाव आया है। भारतीय टीम के स्थान में हालांकि कोई बदलाव नहीं आया है और वह चौथे स्थान पर ही बरकरार है। इस ड्रॉ के कारण, डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में वेस्टइंडीज का प्रतिशत अंक (पीसीटी) 26.92 से बढ़कर 27.38 हो गया है, जिससे वह फिलहाल 9 टीमों की तालिका में आठवें स्थान पर है। कैरेबियन टीम इस सूची में श्रीलंका से थोड़ा पीछे है, जो 33.33 पीसीटी के साथ सातवें स्थान पर है। वहीं, बांग्लादेश के लिए यह ड्रॉ निराशाजनक रहा, क्योंकि उसका पीसीटी 47.62 से घटकर 45.83 रह गया है। इस गिरावट ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को और भी झटका दिया है। अंकतालिका में न्यूजीलैंड 72.22 पीसीटी के साथ नंबर एक बरकरार है। वहीं दक्षिण अफ्रीका 71.43, ऑस्ट्रेलिया 61.23 और भारत 51.51 अंक लेकर दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। वहीं बांग्लादेश न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत के पीछे पांचवें स्थान पर फिसल गई है। भारतीय टीम इस चक्र में अब तक कुल 11 मैच खेल चुकी है, जिनमें उसने 5 जीत और चार हार दर्ज की हैं, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

हार्दिक-अर्शदीप ट्रेड को बीसीसीआई की मंजूरी

मुंबई। हार्दिक पंड्या और अर्शदीप सिंह के ट्रेड को बीसीसीआई की मंजूरी मिल गई है। अब हार्दिक पंजाब किंग्स और अर्शदीप मुंबई इंडियंस से खेलेंगे। दोनों खिलाड़ियों की आईपीएल फीस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हार्दिक को मुंबई में मिलने वाली 16.35 करोड़ रुपए की सैलरी ही पंजाब में मिलेगी, जबकि अर्शदीप को मुंबई में 18 करोड़ रुपए मिलेंगे। हार्दिक ने 2015 से 2021 तक लगातार 7 सीजन और 2024 से 2026 तक 3 सीजन मुंबई के लिए खेले। इस बीच वे 2022 और 2023 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे।

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

सलीमा होंगी भारतीय कप्तान सविता की जगह बंसरी शामिल

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने आगामी महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी गोलकीपर सविता पुनिया की जगह मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 19 से 28 नवंबर तक भोपाल में होगी।

सलीमा को पहली बार कप्तानी मिली है। वहीं सविता को टीम में भी जगह नहीं दी गयी है। सविता की जगह पर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारिबाम को गोलकीपर के तौरपर रखा गया है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अपनी खिताब का बचाव करने उतरेगी। भारतीय टीम ने साल 2016, 2023 और 2024 में खिताब जीते हैं। अब उसका लक्ष्य खिताब की हैट्रिक लगाना रहेगा। इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में मेजबान भारतीय टीम के अलावा चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और साउथ कोरिया की टीमें भी खेलेंगी। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद भारतीय महिला टीम का मुकाबला 21 नवंबर को दक्षिण कोरिया, 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान से होगा। मुकाबले का सेमीफाइनल 27 नवंबर को और फाइनल 28 नवंबर को खेला जाएगा।

टीम इस प्रकार है:

गोलकीपर: बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबाम
डिफेंडर: निक्की प्रधान, ज्योति, ज्योति सिंह, सुशीला चानू लालथंतलुआंगी, पूजा साहू
मिडफील्डर: रुतुजा दादासो पिसल, सुनीता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, साक्षी राणा, बलजीत कौर, इशिका
फॉरवर्ड : नवनीत कौर, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेमसियामी, मुमताज खान।

भारत को शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड और ब्रॉन्ज

ईशा, मनु और दिव्या ने 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट जीता, पुरुषों की टीम तीसरे स्थान पर

दोहा। भारत ने आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में मंगलवार को एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता। ईशा सिंह, मनु भाकर और दिव्या थाडिगोल सुब्बाराजू की तिकड़ी ने महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड अपने नाम किया। वहीं, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अखिल श्योराण और नीरज कुमार ने पुरुषों के 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम इवेंट में ब्रॉन्ज जीता। महिलाओं की टीम ने कुल 1761 पॉइंट हासिल किए। साउथ कोरिया 1748 पॉइंट के साथ दूसरे और वियतनाम 1745 पॉइंट लेकर तीसरे स्थान पर रहा। यह इस चैंपियनशिप में भारत का दूसरा गोल्ड है। इससे पहले पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम ने भी गोल्ड जीता था। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में भारत को ओलिंपिक कोटा नहीं मिला। टीम गोल्ड जीतने वाली ईशा सिंह और मनु भाकर व्यक्तिगत फाइनल में मेडल नहीं जीत सकीं।



केकेआर की सह-मालकिन जूही भी आईपीएल कैलेंडर में बदलाव के पक्ष में

मुंबई। आईपीएल के आयोजन समय में बदलाव की मांग जोर पकड़ रही है, जिसमें फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की सह-मालकिन जूही चावला भी शामिल हो गई हैं। उन्होंने आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी के जनवरी में टूर्नामेंट शुरू करने के सुझाव का समर्थन किया है। जूही चावला का भी मानना है कि दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग का आयोजन अप्रैल-मई की भीषण गर्मी में करने की जगह पर इसे जनवरी में आयोजित किया जाना चाहिए। इससे पहले मोदी ने कहा है कि जब लीग शुरू हुई थी तब कोई और विंडो उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे गर्मियों में रखा गया था। साथ ही टीमें भी उसके समय कम थी। साथ ही कहा कि कि आईपीएल अब सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं रहा, बल्कि यह एक विशाल खेल और व्यावसायिक ब्रांड बन चुका है। इसलिए, इसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर में अपनी जगह तलाशने की जरूरत नहीं है।

भारत-न्यूजीलैंड तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द

हैमिल्टन (एजेंसी)। बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला तीसरा वनडे मैच रद्द कर दिया गया। हैमिल्टन में मंगलवार को सिर्फ टॉस हो सका। तय किया गया कि मुकाबला 40-40 ओवर का होगा, लेकिन, लगातार बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया। यह मैच धुल जाने से इतना तय हो गया है कि टीम इंडिया अब यह सीरीज नहीं हार सकती। पांच मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबले भारत जीत चुका है। अब अगर न्यूजीलैंड आखिरी दो मैच जीत भी लेता है तो भी सीरीज बराबर ही होगी। वनडे क्रिकेट में बारिश सहित अन्य कारणों से सबसे ज्यादा मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत और न्यूजीलैंड के नाम ही दर्ज है। भारत ने अब तक 1086 वनडे खेले हैं। इनमें से 44 रद्द हुए हैं। न्यूजीलैंड के 860 वनडे में से 44 रद्द हुए हैं।

इस मुकाबले के ड्रॉ होने से भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नुकसान हुआ है। बुमराह एक भी गेंद नहीं फेंक पाए। ऐसे में उन्हें टेस्ट सीरीज के लिए मैच अभ्यास नहीं मिल पाया। वहीं युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंडिया 'ए' के लिए नई गेंद से कुछ शुरुआती ओवर फेंके जिससे उन्हें लय मिल गई, जहां गेंदबाजों को अभ्यास का अवसर नहीं मिला। वहीं शुरुआती दिनों में मौसम साफ होने भारतीय बल्लेबाजों ने लंबी पारी खेलकर अच्छा अभ्यास हासिल किया। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने लगातार अपना दूसरा शतक लगाते हुए 102 रनों की पारी खेली। वहीं साई सुदर्शन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 88 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल इस मैच में असफल रहे और 15 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं कप्तान ध्रुव जुरेल ने भी 95 गेंदों पर 71 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि मध्य क्रम में तिलक वर्मा 81 रन बनाकर नाबाद रहे। वाशिंगटन सुंदर ने भी 50 रनों का योगदान दिया और अनुभवी रवींद्र जडेजा ने 71 गेंदों में 25 रन की उपयोगी पारी खेली। इस प्रकार, इंडिया ए के बल्लेबाजों की तैयारी अच्छी नजर आती है पर अंतिम दिन बारिश होने से गेंदबाजों को अभ्यास का अवसर नहीं मिला।



आईपीएल में बढ़ सकती हैं 2 टीमें

2028 में हो सकता है 12 टीमों का टूर्नामेंट

पुणे-वडोदरा रेस में सबसे आगे

मुंबई। आईपीएल में 2028 से दो नई फ्रेंचाइजी शामिल हो सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई लीग के विस्तार पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है तो टीमों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो जाएगी। नई टीमों की रेस में पुणे और वडोदरा को सबसे आगे माना जा रहा है। बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। नई टीमों के शहरों का अंतिम फैसला बदल भी सकता है।

आईपीएल में पिछली बार 2022 सीजन से पहले दो नई टीमें शामिल की गई थीं। लखनऊ सुपर जायंट्स को आरपीएसजी ग्रुप ने 940 मिलियन डॉलर में खरीदा था। गुजरात टाइटंस का मालिकाना हक सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने 750 मिलियन डॉलर में हासिल किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, नई फ्रेंचाइजी की कीमत 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,900 करोड़ रुपए) से ज्यादा हो सकती है। आरसीबी की हालिया बिक्री 1.78 बिलियन डॉलर और राजस्थान रॉयल्स की बिक्री करीब 1.65 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन पर हुई है। नई टीमों में निवेश के लिए प्राइवेट इक्विटी फर्म, वेस्ट एशिया के सॉवरेन वेल्थ फंड, अमेरिकी फैमिली ऑफिस और भारतीय कारोबारी समूह रुचि दिखा रहे हैं। रिपोर्ट में प्राइवेट इक्विटी फर्म परमिरा का नाम भी शामिल है। दो नई टीमों को शामिल करने की चर्चा आईपीएल के अगले मीडिया राइट्स साइकल (2028-2032) से जुड़ी है। मौजूदा 2023-2027 मीडिया राइट्स 6.2 बिलियन डॉलर में बिके थे। हालांकि, टीमों की संख्या बढ़ाने से पहले बीसीसीआई को खिलाड़ियों की उपलब्धता, इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर और ब्रॉडकास्टर्स की दिलचस्पी जैसे पहलुओं पर विचार करना होगा।

